# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

## PRE MID TERM EXAM (2025-26)
## HINDI

Class : IV — Duration : **1 Hrs**
Date :08.08.2025 — Max. Marks : **25**
Admission No.: — Roll No.:

सामान्यनिर्देश - 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षणं कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

---

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्रस्वरूप - | भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 05 अङ्क |
| | भाग 'ख' : व्याकरण | 09 अङ्क |
| | भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 06 अङ्क |
| | भाग 'घ' : अनुच्छेद लेखन | 05 अङ्क |

---

### भाग 'क' : अपठित गद्यांश

प्रश्न.1. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नो के सही उत्तर चुनिए :- [5]

आरती पाँच साल की थी और उसकी बड़ी बहन माया आठ साल की थी | दोनों बहनों को सभी घर में खूब प्यार करते थे | एक दिन दोनों बगीचे में खेल रहीं थीं तभी उन्हें एक आवाज सुनाई दी | जैसे ही वे उसके पास गईं , आवाज बंद हो गई | थोड़ी देर बाद फिर वही | उन्होंने पास जाकर देखा बिल्ली के दो बच्चे रो रहे थे | माया ने कहा , आरती , शायद इन्हें भूख लगी है | तो हम इन्हें दूध पिलाने ले चलें | आरती ने कहा | अब दोनों बहनों ने बिल्ली के बच्चों को दूध पिलाया | आरती ने माँ से कहा , क्या हम इन बच्चों को पाल सकते हैं ? माँ ने कहा , जब तुम इतने प्यार से कह रहे हो तो ठीक है | अब बिल्ली के बच्चे आरती और माया के साथ उनके घर में रहने लगे |

(i) दोनों बहनों के क्या नाम थे?
(a) इंदु, केतकी (b) माया, आरती (c) निशा, रानी

(ii) आरती की उम्र कितनी थी?
(a) चार साल (b) पाँच साल (c) सात साल

(iii) दोनों बहने कहाँ खेल रहीं थी?
(a) बगीचे (b) स्कूल (c).पार्क

(iv) उन्हें किसकी आवाज सुनाई दी?
(a).बिल्ली के बच्चे (b).कबूतर (c) शेर

(v) बिल्ली के बच्चे कहाँ रहने लगे ?
(a) घर (b) जंगल (c) शहर

### भाग 'ख' : व्याकरण

प्रश्न.2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा शब्द पहचान कर लिखिए - [2]
(i) कौआ इधर-उधर घूम रहा था |
(ii) मोहन आज विद्यालय नहीं आया |

ख. द्विवित्व व्यंजन से एक –एक शब्द बनाइये - [1]

(i) म्म

(ii) ब्ब

ग. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य लिखिए | (कोई दो) [2]

(i) 'फूला ना समाना

(ii) 'लोहे के चने चबाना

(iii) नौ दो ग्याराग हो जाना

घ. क्रिया की परिभाषा लिखिए | [1]

ड. सर्वनाम की परिभाषा लिखिए | [1]

प्रश्न.3.निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (कोई एक) [1]

(i) धरती ------- --------

(ii) गगन ------- --------

प्रश्न.4. सही विलोम शब्द लिखिए :- (कोई एक) [1]

(i) सुख शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(ii) उपस्थित शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

भाग 'ग ' : पाठ्यपुस्तक

प्रश्न.5. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए:- (कोई दो) [2]

(i) पतंग गुब्बारे पर क्यों हँसी ?

(ii) माँझा कैसे बनाया जाता है ?

(iii) प्रेरक प्रसंग पाठ में किसके बारे में बताया गया है ?

(iv) तिलक ने किस भूल की क्षमा माँगी ?

प्रश्न.6. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए:- ( कोई दो ) [4]

(i) पतंग की कौनसी बात सुनकर पतंग आग बबूला हो गई ?

(ii) बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य तिलक क्यों कहा जाने लगा ?

(iii) बाल गंगाधर तिलक किसी भी समस्या को कैसे हल कर लेते थे ?

भाग 'घ ' : अनुच्छेद लेखन

प्रश्न.7. दिए गए विषय पर 30 से 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- ( कोई एक ) [5]

मेरी प्रिय पुस्तक

या

मेरा प्रिय दोस्त

************